मॉड्यूल 7: सामाजिक व्यवहार परिवर्तन–बाल संरक्षण

सत्र 2: संचार सामग्रियों का उपयोग

अवधिः 2:18 मिनट

संचार सामग्रियों का उपयोग

आइए विभिन्न संचार सामग्रियों और उनके उपयोग के संदर्भ के अनुसार प्रत्येक वस्तु की प्रासंगिकता को देखें जिनका उपयोग प्रभावी संचार के लिए किया जा सकता है

फ़्लिप चार्ट, फ़्लिप बुक

छोटे समूह के साथ प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता

है। विभिन्न विषयों के लिए उपयोग किया जात सकता है। दर्शकों की रूचि बनाये रख सकते हैं। विभिन्न स्थालों

पर ले जाने और उपयोग करने में आसान हैं। उदाहरण के लिए, घर में मुलाकात के दौरान,

छोटे समूह में प्रस्तुती के लिए, बच्चों और उनके माता–पिता के साथ पारस्परिक संचार के दौरान उपयोग किया जा सकता है।

पैंम्पलेट्स, बुकलेट, लीफलेटः

ये बांटे जा सकते है। जिसे व्यक्ति अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ सकते हैं। इन्हे परिवार के साथ साझा किया जा सकता है। इन्हे उन लोगों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो पढ़ सकते हैं, बैठकों, त्यौहारों, कार्यक्रमों के दौरान वितरित किया जा सकता है।

पोस्टर, चार्टः

पोस्टर, चार्ट सार्वजनिक रूप से लगाये जा सकते है। जहां लोगों को दी गयी जानकारी की याद दिलायी जा सकती है। हांलाकि पोस्टर पर बहुत सारे संदेष नहीं लिखे जा सकते हैं। अगर यह मुख्य संदेष को आकर्षक तरीके से प्रदर्षित करता है तो यह व्यक्तियों को संदेषों को याद दिलाना का काम कर सकता है। आंगनवाड़ी केन्द्रों, किषोर स्वास्थ्य क्लीनिकों में बैठकों के दौरान, पंचायत भवनों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, रैलियों या कार्यक्रमों के दौरान प्रदिर्षत किया जा सकता है।

फ़्लैश कार्डः

फ़्लैश कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प है। इन्हे एक छोटे से समूह के बीच बांटा जासकता है ताकि लोग चित्रों को छू सकें और देख सकें। ये कहीं भी ले जाने में आसान है। इनमें एक क्रम में जानकारी दे सकते हैं कार्ड में चित्र होते है इसलिए कम पढ़े लिखे दर्षकों को भी आसानी से समझ में आ जाते हैं। ये घर में मुलाकात बच्चे और माता–पिता के छोटे समूह में या फिर कोई विषेष बैठक में उपयोग किए जा सकते हैं ।